## खबर संक्षेप

### आराधना मंदिर में महामाई की भक्ति चौकी आज

**करनाल।** नवरात्रि के उपलक्ष्य में दुर्गा मां कात्यायनी के ओसिया देवी स्वरूप की भक्ति चौकी एवं गुणगान शनिवार, 5 अप्रैल को तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक भक्तिभावनापूर्वक आयोजित किया जा रहा है जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक डा. सुमंगल अरोड़ा (पटियाला) तथा सीताराम कश्यप (कुरुक्षेत्र) महामाई का गुणगान करेंगे। भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज के सान्निध्य में हो रहे इस भक्ति कार्यक्रम में अनेक अतिविशिष्ट अतिथियों के अतिरिक्त सैंकड़ों भक्तजन भी उपस्थित होंगे। मंदिर प्रबंधन ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महामाई का आशीर्वाद लेकर अपना सौभाग्य सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

### युवक पर तेजधार हथियार से हमला

**सिरसा।** शहर में एक युवक पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया गया। इस दौरान युवक को गंभीर चोटें आई है। पुलिस को दी शिकायत में सिगीकाट मोहल्ला निवासी अमित उर्फ टिंटू ने बताया कि बीते दिवस वह अपने घर से बहन के घर जागरण में जा रहा था। जब वह मेला ग्राउंड में माता के मंदिर के पास पहुंचा, तो सामने से तीन-चार युवक आ रहे थे।

### ट्रक चालक से मारपीट कर की लूटपाट

**सिरसा।** डबवाली रोड पर सिरसा क्लब के समीप देर रात को एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर लूटपाट का मामला सामने आया है। राजस्थान के बीकानेर से नोखा निवासी ट्रक चालक दामोदर ने बताया कि वह बीती रात करीब साढे तीन बजे पेशाब करने के लिए उठा तो कुछ लडक़े आए और पीछे से उसे दबोच लिया। जब उसने छुड़वाने की कोशिश की और उनके बीच काफी धक्का-मुक्की हुई और पीटा। जेब से मोबाइल निकाला और पर्स छीन लिया।

## केवीए डीएवी महिला कॉलेज में किया साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन

# अंग्रेजी में तुषाली और तान्या, हिंदी में तान्या और आस्था को प्रथम स्थान

**साहित्यकारों को आमंत्रित कर छात्राओं को लेखन कला में पारंगत करने के लिए संवाद करवाया जाता है**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल




कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय के सभागार में साहित्यिक समिति (अंग्रेजी, हिंदी,संस्कृत,पंजाबी), रचनात्मक लेखन समिति तथा युवा एवम् सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस के अवसर पर कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा दूसरे दिन लेखक से बातचीत तथा विस्तृत वक्तव्य- साहित्य में रोमांटिक कविता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी और हिंदी भाषा के प्रसिद्ध कवि, उपन्यासकार, आलोचक एवं शोध निर्देशक प्रोफेसर विकास शर्मा (अंग्रेजी विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश) मुख्य वक्ता रहे। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने प्रो. विकास शर्मा का हरा भरा पौधा प्रदान कर स्वागत किया और बताया कि हमारे महाविद्यालय में समय-समय पर जाने-माने साहित्यकारों को आमंत्रित कर छात्राओं को लेखन कला में पारंगत करने के लिए संवाद करवाया जाता है और विस्तृत वक्तव्य का आयोजन कर ज्ञानवर्धन किया जाता है। प्रो. विकास शर्मा ने साहित्य में रोमांटिक कविता विषय पर वक्तव्य देते हुए कहा कि कविता का संबंध हृदय से है और गद्य का संबंध मस्तिष्क से है। कविता मन की भावनाओं का उफान है। यथार्थ बोध से युक्त कविता ही सार्वभौमिक, सार्वकालिक और कालजयी कविता होती है।इसके साथ ही उन्होने छात्राओं को लेखन कौशल के भी गुर सिखाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापिकाओं- डॉ.सुनीत भंडारी, डॉ सुषमा ठाकुर के साथ-साथ डॉ.अंजु नरवाल, डॉ.सुनीता सलारिया, डॉ.दीप्ति शर्मा, डॉ.ईशा,डॉ. शिवांगी, डॉ.सतविंदर, डॉ.रितु, डॉ.निताशा, डॉ.सीमा, किरण, निशा, पूजा, वृद्धि व विजेता ने सक्रिय योगदान देकर सफल बनाया।

**कविता प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे**

अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता में बी.ए.द्वितीय वर्ष की तुषाली एवं तान्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर बी.बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा आंचल तथा एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा माधवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी कविता प्रतियोगिता में बी.ए.द्वितीय वर्ष की तान्या एवं आस्था ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।एम.एससी. बायोटेक की छात्रा मेघना और बी.ए.द्वितीय वर्ष की छात्रा शिल्पा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा लवली और सलोनी ने प्रथम स्थान तथा बी.ए.प्रथम वर्ष की छात्रा जानसी और बी.ए.द्वितीय वर्ष की छात्रा भूमिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पंजाबी कविता प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा तुषाली ने प्रथम स्थान तथा बी.ए.तृतीय वर्ष की छात्रा पलकदीप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



# शिक्षकों और सदस्यों ने सूक्ष्म व्यायाम और आसन किए

हरिभूमि न्यूज करनाल

मेरा मिशन स्वस्थ भारत के लक्ष्य को लेकर चल रहे योग गुरु दिनेश गुलाटी ने फवारा पार्क सेक्टर 12 योग कक्षा में कहा कि प्रतिदिन योग का अभ्यास आवश्यक है। साल के 365 दिन योग करने का संकल्प लिए टीम के शिक्षकों और सदस्यों ने सूक्ष्म व्यायाम और आसन किए।दिनेश गुलाटी ने प्राणायाम के सत्र के दौरान कहा कि यदि हम एक संकल्प के साथ योग करे तो कोई भी बाधा,कोई भी परिस्थिति हमे विचलित नहीं कर सकती।जरूरत है केवल दृढ़ इच्छा शक्ति की। उन्होंने योग सदस्यों को नियमित रूप से आने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि वे योग का पूरा लाभ ले सके उन्होंने कहा कि यदि हम योग को अपने आदत बना ले तो हम योग का शत प्रतिशत लाभ ले सकते हैं शरीर में कोई व्याधि होने पर मजबूरी में योग करने से बेहतर है कि हम पहले ही योग की जरूरत को समझ ले।दिनेश गुलाटी का कहना है कि यदि हम प्रकृति के सान्निध्य में योग करें तभी हम योग के सही लक्ष्य और महत्व को समझ पाएंगे।योग का लक्ष्य केवल शरीर को स्वस्थ रखना नहीं है बल्कि योग का उद्देश्य मन को आत्मा से जोड़ना है और आत्मा की यात्रा परमात्मा तक जाना है योग शिक्षिका नीलम बटला,निधि गुप्ता, एनएफ चौधरी ने कई तरह के आसनों का अभ्यास करवाया।

# जनता की समस्याओं का समाधान हमारी सांझा जिम्मेदारी: विधायक

- गर पालिका असंध में विकास एवं जनकल्याण को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज करनाल



असंध विधायक योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में नगर पालिका असंध में विकास एवं जनकल्याण को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता असंध विधायक योगेंद्र राणा ने की।

इस बैठक में नगरपालिका की नव-निर्वाचित चेयरपर्सन सुनीता अरड़ाना एवं नगर पालिका के सभी अधिकारीगण, कर्मचारी एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। बैठक में असंध क्षेत्र के विकास, स्वच्छता, सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट्स, शहर में बिजली की व्यवस्था, पार्कों की साफ सफाई, सहित जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर विधायक योगेंद्र राणा ने सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कहा कि "हम सबकी साझा जिम्मेदारी है कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। क्षेत्र का विकास समर्पित एवं एकजुट प्रयासों से ही संभव है। इस अवसर पर नव-निर्वाचित चेयर पर्सन सुनीता अरड़ाना ने भी अपने विचार रखे और नगर पालिका की ओर से सभी विकास कार्यों को गंभीरता एवं प्राथमिकता से पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

# उचाना व गांव धौलगढ़ में बेटियों के जन्म पर कुआं पूजन व गोद भराई कर मनाई खुशी

- समाज को जागरूक कर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की धरती से इस अभियान की शुरुआत की थी। अब लोगों में बेटियों के प्रति सम्मान बढ़ा है। करनाल जिले की बात करें तो लिंगानुपात में काफी सुधार हुआ है। जिला में 1 हजार लड़कों की तुलना में 926 का आंकड़ा पार कर गया है और करनाल जिला प्रदेश का सिरमौर बन गया है। इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए करनाल नगर निगम वार्ड न. 20 के गांव धौलगढ़, उचाना आंगनवाड़ी क्षेत्र में लड़कियों के जन्म होने पर कुआं पूजन व गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर नेहा के नेतृत्व में किया गया। कुआं पूजन के दौरान शिल्पी, शीतल, सोनिया, संतोष, बबीता, काजल, ममता, पुष्पा, अनु, प्रीति, कविता, आकंशा, दीपा, मोनिका, प्रियंका, रेनू, लक्ष्मी, मीना व बबली ने बेटियों के जन्म की खुशी मनाई। इस अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर गीता देवी, सरोज, विना शर्मा, मुन्नी देवी, सुनीता शर्मा, राज रानी, रेखा, निशा व मीरा देवी एवं क्षेत्र की महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सुपरवाइजर नेहा ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को रोकने तथा लिंगानुपात की स्थिति में सुधार लाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आपकी बेटी-हमारी बेटी जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं और इन योजनाओं का महिलाओं को लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। डीसी उत्तम सिंह के कुशल मार्गदर्शन और जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के टीमवर्क के चलते करनाल जिला इस उपलब्धि को हासिल करने में सफलता हो रहा है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। नेहा ने कहा कि महिलाएं हमेशा से हमारे समाज की आधारशिला रही हैं।

# विद्यार्थियों ने टोपोलोजी, क्रिप्टोग्राफी और सेट थ्योरी की बारिकियों को समझा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



डीएवी पीजी कॉलेज में गणित विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों ने टोपोलोजी, क्रिप्टोग्राफी,सेट थ्योरी, द्विघात समीकरण,और गणित के उदय से संबंधित विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों में नैंसी, ऋतिक, दीक्षांत, रमा,अन्नु ने अलग-अलग माध्यमों से गणित की बारिकियों को समझाने का प्रयास किया।

कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने विद्यार्थियों को बताया कि आज गणित विषय में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। जो आपको सफलता तक ले जा सकती है। उन्होंने बताया कि आज मैथेमेटिक्स की उपलब्धता हर संस्थान में है। लेकिन पहले ऐसा नहीं था, दुर जाकर विद्यार्थी गणित पढ़ने के लिए दाखिला लेते थे। परंतु आज सभी सुविधाएं हैं। उनका फायदा उठाकर विद्यार्थियों को आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रमा गर्ग, अमरेश राणा, टीना नरवाल, महक और खुशी ने प्राचार्य को पौधे का फुलदान भेंट कर सम्मानित किया।इस मौके पर डॉ मीनाक्षी कुंडू,डॉ सुलोचना नैन, डॉ बलराम शर्मा,डॉ सुनील,सहित कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# करनाल में पुलिस ने चलाया रात्रि चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

- मुंह ढककर चलने वालों पर रही विशेष नजर,
- पुलिस अधीक्षक ने कहा संदिग्ध व्यक्तियों की दें सूचना

पुलिस ने अपराधों पर शिकंजा कसने के लिए रातभर नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने मुख्य मार्गों और अन्य सड़कों पर निकलने वाले हर वाहन को रोककर उनकी सख्ती से जांच की।पुलिस की टीमों ने कारों की डिग्गी, डैशबोर्ड, सीटों और अन्य हिस्सों को ध्यानपूर्वक चेक किया। ताकि कोई संदिग्ध वस्तु या अवैध सामान न ले जाया जा रहा हो। इसके साथ ही, बाइक चालकों की भी कड़ाई से जांच की गई। उनके बैग, दस्तावेज और बाइक में रखे अन्य सामान को परखा गया।पुलिस ने विशेष रूप से उन वाहनों पर ध्यान दिया, जिनकी नंबर प्लेट नहीं लगी थी। बिना नंबर वाली गाड़ियों को रोककर उनके दस्तावेज जांचे गए और वाहन चालकों से पूछताछ की गई। इसके अलावा, ऐसे बाइक चालकों पर भी कार्रवाई की गई जो नकाब पहनकर वाहन चला रहे थे। पुलिस का कहना है कि कई बार अपराधी अपनी पहचान छिपाने के लिए इस तरह की रणनीति अपनाते हैं। इसलिए पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए ऐसे ड्राइवरों को रोककर जांच की।हाल के दिनों में अपराध की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने नाइट डोमिनेशन को और प्रभावी बनाया है।

# चैती छठ का उदयमान सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल



चार दिनों तक चलने वाले लोक आस्था के पर्व चैती छठ का शुक्रवार को उदयमान सूर्य देव को अघ्र्य देने के साथ समापन हो गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पश्चिमी यमुना नहर पर पहुंचना शुरू हो गए थे। यहां बनाए गए विभिन्न छठ घाटों पर पूजा की गई। छठ व्रती पानी में घंटों खड़े होकर भगवान सूर्य की आराधना करते नजर आए। छठ पर्व सेवा समिति मंडल (सूर्य मंदिर) की ओर से श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान की गई। सेवादारों ने श्रद्धालुओं की सेवा की। मंडल की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सूर्य मंदिर के प्रधान सुरेश कुमार यादव ने कहा कि सुबह आसमान में लालिमा आते ही छठी मईया को किसी ने गाय के शुद्ध दूध से तो किसी ने जल से भगवान सूर्य को अघ्र्य समर्पित किया। छठ पूजा के दौरान अघ्र्य देने के दौरान धूप, दीप, हवन लोगों द्वारा किया गया। सुख समृद्धि और संतान प्राप्ति की कामना की गई। इस पर्व से शारीरिक और मानसिक शुद्धता मिलती है। इस दौरान भगवान सूर्य को अघ्र्य देने से रोग कष्ट मिट जाते हैं। यह पर्व विशेष रूप से हरियाणा, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में लोग बड़े ही आस्था पूर्वक मनाते हैं। इसका फल अति शुभदायक होता हैं, जिसके कारण लोगों में बड़ी आस्था है। इस अवसर पर प्रधान सुरेश कुमार यादव, अर्जुन पंडित, उमेश चौहान, शत्रोघन राय, राम सागर राय, राम विलास रहे।



# सनातन धर्म में गऊओं की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा : स्वामी कृष्णानंद पुरी

- बोले : गौशाला में गऊओं के लिए सूखे चारे की व्यवस्था कर लोग निभा रहे सेवा, उठा रहे धर्म लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

समाध बाबा भगवान गिरी मठ एवं गौशाला के महंत एवं संचालक स्वामी कृष्णानंद पुरी ने नीलोखेड़ी हल्का के गांव कारसा डोड में पहुंचकर गौ माता के विषय में महत्वपूर्ण संवाद किया और ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गेहूं की फसल कटने के बाद अपने सामर्थ्य के अनुसार गौ माता की सेवा के लिए सूखे चारे का दान जरूर करें। जिससे गौ माता एवं गौ वंश सुखा चारे के अभाव के कारण प्रभावित न हो सके। ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए यह प्रण लिया कि वह गौ माता के लिए अपनी-अपनी फसल से कुछ न कुछ दान अवश्य करेंगे। क्योंकि सनातन धर्म में गऊओं को माता का दर्जा दिया गया है ओर गऊओं की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता। इसलिए हम सभी को गऊओं की सेवा में बढ़चढक़र हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर सुरेश कारसा, बलबीर, कृष्णा सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## संगीतमयी श्री राम कथा के भव्य आयोजन में भक्तों ने सुना धनुष भंग कथा का वर्णन

# धनुष अहंकार का प्रतीक है जब तक गुरुदेव की कृपा नहीं होती तब तक अहंकार मिटता नहीं है: आचार्य प्रहलाद मिश्रा रामायणी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरावड़ी





तरावड़ी। कथा में ज्योति प्रचंड करते डा. भारत चौधरी। प्रचचन करते कथावाचक।







श्री राम सेवा मंडल तरावड़ी की ओर नवरात्रों के शुभ अवसर पर महाबीर मन्दिर मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। छठे दिन की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे डा. भारत चौधरी एवं पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, पार्षद नरेश गाबा ने ज्योति प्रज्जवालित करके श्री राम कथा का शुभारंभ किया। शुक्रवार की कथा मे श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने कहा कि भागीरथी गंगा पतित पावनी और कल्याण दायिनी देव नदी है। जो जनमानस को पवन और विशुद्ध करती है, ऐसे ही श्री राम कथा रूपी गंगा घर-घर और जन-जन को परम पवित्र और दिव्य मानवता का बोध कराती है। मानसरोवर में शरीर की मेल धुलती है और मानस सरोवर में अवगाहन करने से मन से पाप करने की प्रवृत्ति समाप्त हो जाती है। शुक्रवार को धनुष भंग की कथा सुनाते हुए श्री रामायणी जी ने बताया धनुष अहंकार का प्रतीक है जब तक गुरुदेव की कृपा नहीं होती तब तक अहंकार मिटता नहीं है। प्रभु श्री राम ने धनुष तोडऩे से पहले दो बार गुरुदेव भगवान के चरणों में प्रणाम किया। धनुष में ऋषि दधीचि की आत्मा है और श्री राम जी परमात्मा है दोनों का मिलन जभी होगा। जब बीच में कोई होगा महात्मा। इससे श्री राम जी धनुष को आसानी से तोड़ा अहंकार के मिटने से ही अखंड ज्ञानधन प्रभु श्री राम और भक्ती रुपी सीता जी का पावन परिणय (विवाह) संपन्न हुआ। चारों भाइयों का पावन विवाह जब श्री जनकपुर में संपन्न हुआ तो महाराज दशरथ अत्यंत प्रसन्न है। मानो उन्हें चारों फल प्राप्त हो गए हैं। और अत्यंत तीव्र अभिलाषा हुई कि जो राम जानकी वर आसान पर इतने अच्छे सुंदर लग रहे हैं। वह जब राज सिंहासन पर विराजे जाएंगे तब कितने दिव्य सुंदर लगेंगे। आज की कथा श्री रामायणी ने श्री राम कथा के केवट प्रसंग सुनाते हुए श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. भारत चौधरी, ओमप्रकाश मल्होत्रा, पार्षद नरेश गाबा व गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**कथा में ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कथा में समाजसेवी हंसराज पाहुजा, अध्यक्ष सतपाल सचदेवा, गणेश खन्ना, सन्त लाल ढुआ, श्री हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष अमन शर्मा, विपिन छाबड़ा, रवि सरदाना, बालकिशन त्रिपाठी, मनोज सचदेवा, बिट्टू सरदाना, सुरेंद्र खुराना पार्षद, दाता राम, सुरेश चावला, प्रवीन बत्तरा, ओमप्रकाश डुडेजा, हरीश पाहुजा,अजय सचदेवा, यशपाल शर्मा समाजसेवी, राजेश जैन, लक्ष्मण सेठी सहित शहर के गणमान्य लोग व काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## खबर संक्षेप

### साइबर क्राइम की शिकायत करें

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने साइबर अपराध पर जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी के इस युग में हर कोई मोबाइल कंप्यूटर से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट की इस दुनिया में साइबर अपराधी भी तरह तरह हथकंडे अपनाकर लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातों का अंजाम दे रहें है। वहीं, साइबर अपराध का शिकार होने पर नागरिक तुरंत साइबर क्राइम रिपोर्टिंग हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करे या साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करवाए।

### इसराना अनाज मंडी में कैंटिन शुरू

**इसराना।** मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर में किसानों व मजदूरों के लिए शुक्रवार को अटल किसान मजदूर कैंटीन का एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने रिबन काट कर उद्घाटन किया। हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल व हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा संचालित कैंटीन में अनाज मंडी में आए किसानों व मजदूरों को दस रुपये में भोजन की थाली उपलब्ध होगी। इस मौके पर विभाग के डीएमईओ महावीर सिंह, मार्केट कमेटी सचिव पवन नागपाल व मिशन प्रभारी अंकुर गोयल मौजूद रहे।

### वामपंथियों की बैठक हुई

**पानीपत।** संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल जयंती के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सीटू जिला कार्यालय शिव वर्मा स्मारक में विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में बलवान सिंह नांदल, सीटू जिला प्रधान सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ. सुरेंद्र मलिक, जिला सचिव राजपाल गाहल्याण, शीशपाल मलिक, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अमरीश त्यागी, शिवकुमार, कश्मीर सिंह, जय भगवान, नवीन सपडा, राजेंद्र छौक्कर, कर्मवीर सिंह आदि ने भाग लिया।

### महिलाओं को बैंक की योजनाओं के बारे में बताया

**पानीपत।** पानीपत के गांव रजापुर में प्रयत्न संस्था द्वारा कार्यान्वित योजना के तहत चल रहे सॉफ्ट टॉय बनाने के आजीविका प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक पानीपत एलडीएम ऑफिस से आरएन शर्मा ने वित्तीय साक्षरता को लेकर महिलाओं को बैंक की योजनाओं और कार्यप्रणालियों को लेकर महिलाओं के साथ संवाद किया। उन्होंने महिलाओं को बताया कि बैंक में खाता खुलवाने के लिए जरूरी कागजात आधार कार्ड, पैनकार्ड और दो फोटो लेकर कहीं भी अपना खाता खुलवा सकती हैं।

### क्विज प्रतियोगिता में वंदना प्रथम

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में स्थापित अंग्रेजी विभाग की लिटरेरी माइंड्स सोसाइटी के तत्वावधान में साहित्यिक पत्र प्रश्नोत्तरी यानि क्विज का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम वंदना एमए अंग्रेजी अंतिम वर्ष, द्वितीय निकिता एमए अंग्रेजी अंतिम वर्ष, तृतीय रोमित बीए अंग्रेजी ऑनर्स द्वितीय वर्ष रहे। इस अवसर पर प्रो.डेनसन डी पॉल, प्रो.मानवी, प्रो.मानसी, प्रो.अन्नू आहूजा, डॉ.संतोष कुमारी, डॉ.एसके वर्मा, डॉ. मोनिका खुराना, डॉ.वीरेंद्र गिल, प्रो.मणि आदि उपस्थित रहे।

### जजपा का जिला स्तर पर जल्द गठन करने पर चर्चा

**पानीपत।** जजपा कार्यालय में पार्टी जिला अध्यक्ष रामनिवास पटवारी की अगुवाई में बैठक हुई। बैठक में जजपा का जिला स्तर पर जल्द गठन करने पर चर्चा हुई। वहीं बैठक में जजपा जिला प्रभारी गुरुदेव रंबा, कृष्ण राठी, रजनी मलिक, देवेंद्र कादियान, फूलपति, सुरेश काला, गीता पलड़ी, कृष्ण चंदौली, अजय बिंझौल, सोहन लाल बठला, बलराज मछरौली, महाबीर कश्यप, बुबा खान, रणबीर बुडशाम, पप्पू त्यागी, आजाद बरमपुर, कप्तान जागलान, संदीप इंदौरा, बलराज देशवाल, राजिंद्र जेलदार, ओमबीर नौल्था, विक्रम मल्ली और महिला विंग की सुशीला त्यागी, मीनाक्षी चावला, सुदेश, सुनीता मोर आदि उपस्थित रहे।

## आर्य कॉलेज में प्रदेश स्तरीय शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में आरकेएसडी कॉलेज ने जीती चांदी की ओवरऑल ट्रॉफी

समूह नृत्य प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में अथितियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

आर्य पीजी कॉलेज में शुक्रवार को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में आर्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय ओपी शिंगला की स्मृति में प्रदेश स्तरीय शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम दिशाएं-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान व स्व. ओपी शिंगला के सुपुत्र सुरेन्द्र सिंगला ने शिरकत की। वशिष्ठ अतिथि के तौर पर प्रबंधक समिति के वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र शिंगला, महाचिव सीए कमल किशोर, सुरेन्द्र सिंगला की धर्मपत्नी रश्मि शिंगला, निखिल शिंगला ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। वहीं, समूह नृत्य प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज, ने प्रथम स्थान, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल और डीएवी कॉलेज, करनाल ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान वहीं एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय, कैथल और आईबी कॉलेज, पानीपत ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान और इसके साथ ही डीएवी गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर व गीता विद्या मंदिर कॉलेज, सोनीपत ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ.रामनिवास, डॉ.नीलू खालसा, व अशोक कुमार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**प्रतियोगिता के विजेता**

भाषण प्रतियोगिता में राजकीय महिला कॉलेज, करनाल ने प्रथम स्थान, आर्य कॉलेज,पानीपत ने द्वितीय स्थान व देश बंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज,पानीपत ने तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, सोलो डांस प्रतियोगिता में आई.बी कॉलेज, पानीपत ने प्रथम स्थान, जीवी एम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत ने द्वितीय स्थान, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग में आईजी कॉलेज, कैथल ने प्रथम स्थान, आर्य कॉलेज, पानीपत ने द्वितीय स्थान व डीएवी गर्ल्ज कॉलेज, यमुनानगर ने तृतीय स्थान पर रहे। जबकि दिशाएं फेस्ट-2025 में आरकेएसडी कॉलेज,कैथल ने चांदी की ओवरऑल ट्रॉफी जीती।


**पानीपत।** गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब मॉडल टाऊन के अध्यक्ष जगतार सिंह बिल्ला प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# खालसा साजना व बैसाखी दिवस श्रद्धा से मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब मॉडल टाऊन में संगत द्वारा 326 वां खालसा साजना दिवस व बैसाखी दिवस बड़ी श्रद्धा-सत्कार के साथ 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। यह जानकारी गुरुद्वारा कमेटी प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने दी। वहीं, निशान साहिब के वस्त्र बदलने की सेवा रुबी कौर के परिवार की तरफ से की जाएगी। जबकि स्त्री संत्सग सभा द्वारा सुखमणी साहिब के पाठ किए जाएंगे। बिल्ला ने बताया कि 1699 ई. में 10 वें गुरु श्री गोबिंद सिंह ने लोहे के खंडे-बारे में अहित तैयार करके पांच प्यारों की अहित पान कराया और पांच प्यारों में दया राम को दया सिंह, धर्म दास को धर्म सिंह, मोहकम चंद की मोहकम सिंह, साहिब चंद को साहिब सिंह, हिम्मत राम को हिम्मत सिंह बनाया। इसके बाद गुरु गोबिंद सिंह ने इन पांच प्यारों से अमृत पान करवाया और गोबिंद राय से गोबिद सिंह हो गए। इस लिए गोंविद सिंह वाह-वाह गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला कहलाए।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल : जस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारीगण प्रसन्न मुद्रा में।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष जसवीर जस्सा कादयान ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। वहीं, आप के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने करनाल लोकसभा व पानीपत जिला के पदाधिकारियों की घोषणा की है जिसके अनुसार अजय सिंगला को करनाल लोकसभा का सचिव, डॉ. नरेंद्र जेसिया, वीरेंद्र आर्य, आजाद बेनीवाल को जिला उपप्रधान, योगेश कौशिक को जिला सचिव, अंग्रेज मलिक, संदीप पाल, शमशेर भल्ला, सचिन जांगड़ा, संजीव गोयल, दिलबाग खेड़ा, प्यारेलाल गुप्ता को जिला सहसचिव बनाया गया है। प्रमुख समाजसेवी एडवोकेट जयगोपाल वधवा को शहरी व हुडा सेक्टर 18 आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान सूरजभान राठी को ग्रामीण विधानसभा का प्रधान बनाया गया है। जबकि प्रीतपाल खेड़ा को जिला व्यापार विंग, मनीष रोड को युवा विंग, श्यामलाल पहाड़िया एससी विंग, एडवोकेट राजपाल कश्यप को ओबीसी विंग का जिला प्रधान नियुक्त किया गया है। इधर, नवनियुक्त पदाधिकारियों को आप के सेक्टर 25 स्थित जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष जसवीर जस्सा कादयान, सुरेंद्र अहलावत, सुखबीर मलिक, जितेंद्र जुनेजा, मुकेश शर्मा, राजकुमार मुंडे आदि ने स्वागत किया।

# जैनियों ने संत सुदर्शन को जयंती पर श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


जैन स्थानक में संत सुदर्शन को जयंती पर याद करते हुए श्रद्धालुगण।

पानीपत के अग्रवाल मंडी जैन स्थानक में संघ शास्ता, शासन प्रभावक सुदर्शन लाल महाराज की 103वीं पावन जन्म जयंती बड़े श्रद्धाभाव से गुणगान सभा के रूप में मनाई गई। वहीं सभा का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी की सामूहिक स्तुति से हुआ तथा समापन गुरुदेव सुदर्शन, गुरुदेव सुदर्शन / भाव वंदना उनकी, है दुख मोचन स्तुति से हुआ। अंत में सुश्रावक निकेश जैन ने मंगल पाठ की कृपा की। वहीं, गांधी मंडी जैन सभा के संरक्षक डॉ. एपी जैन ने बताया कि गुरुदेव सुदर्शन लाल महाराज के प्रेरणादायक जीवन की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि गुरुदेव सुदर्शन महाराज हमेशा सेवा, ध्यान, संयम, नियम, तप त्याग एवं प्रभावी प्रवचनों को समर्पित रहे तथा देश भर के श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और विश्वास के केंद्र बन गए। उनकी निश्राय में सर्वाधिक 29 शिष्य बनें। इस अवसर पर सीए सीमा जैन, नवीन जैन, पंकज जैन, मनीष जैन, सुमन जैन, प्रेमवती जैन, काजल जैन, नीरज जैन संदीप जैन कृष्ण जैन रेनू जैन सुनीता जैन आदि ने अपने सार्थक मधुर भजनों, आदि से गुरुदेव का गुणानुवाद किया।

# श्री सीमेंट ने रेडक्रॉस को प्लाज्मा एक्सप्रेसर दिए


श्री सीमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट के पदाधिकारी, रेडक्रॉस को प्लाज्मा एक्सप्रेसर भेंट करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्री सीमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट द्वार जिला रेडक्रॉस रक्त बैंक के आग्रह पर दो प्लाज्मा एक्सप्रेसर एवं स्ट्रिपर अनुदान में दिया गया। इस अवसर पर श्री सीमेंट पानीपत शाखा के निर्देशक देवेंदर माथुर योगदान करने के लिए रेडक्रॉस ब्लड बैंक पधारे। वहीं, योगेंद्र माथुर ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी अनेक सेवा कार्य करती है, इसी पुनीत कार्य मे श्री सीमेंट भी अपना योगदान समय-समय पर देती रहती है और भविष्य मे भी देती रहेगी। डॉ. पूजा सिंघल इंचार्ज ब्लड बैंक ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया। इस अवसर पर राहुल, जनेश, जयपाल आदि भी उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं ने छठ पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्रद्धालुओं ने सुबह उगते सूर्य को अध्य दे लोगों ने चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन किया। एनएफएल रजवाहा और असंध रोड थर्मल रजवाहा पर तड़के श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो गया और जैसे ही सूर्योदय की लालिमा प्रकट हुई सूरज भगवान को अध्य दे लोगों ने अपने संतान, सुहाग, धन, वैभव और रोग व्याधि से मुक्ति की कामना करते हुए छठ महापर्व का समापन किया। इस अवसर पर पूर्वांचल मीडिया प्रभारी चंदन चौहान, पीएन सिंह, अवधेश यादव, मदन सिंह, अमित सिंह, निरंजन सिंह, प्रफुल्ल झा, अमरीश सिंह, सोनू भारती, प्रियव्रत सिंह, जिंगल ब्यास व नंदू कुशवाहा आदि ने मौजूद रह कर घाट की विधि व्यवस्था को बनाया।

# पक्षियों के लिए पेयजल को छोटा तालाब बनाया

- हर एक घर मे पक्षियों के लिए एक बर्तन में पानी और दाने चुगे का प्रबंध करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** देशबन्धु गुप्ता राजकीय कॉलेज में पक्षियों के लिए सकोरे रखते हुए ग्रीनमैन दलजीत व उनकी टीम। फोटो : हरिभूमि

ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में इको क्लब के अंतर्गत बेजुबान जानवरों और पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में पानी का प्रबंध करने के लिए हर्बल बॉटनिकल गार्डन और पक्षी विहार में सकोरे रखे है। इनमें प्रति दिन सुबह व शाम को ताजा पानी भरा जाएगा, ताकि पक्षी गर्मी में अपनी प्यास बुझा सके। दलजीत ने अपनी टीम के साथ पक्षियों के नहाने के लिए एक छोटा सा तालाब स्थापित किया। दलजीत ने बताया कि पक्षियों के लिए गर्मी के मौसम में पानी का प्रबंध महाविद्यालय में पिछले तीन वर्ष से लगातार किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों और जनसाधारण का आह्वान करते हुए कहा कि हर एक घर मे पक्षियों के लिए एक बर्तन में पानी और दाने चुगे का प्रबंध करना चाहिए। प्रिंसिपल डॉ. दलजीत कुमार ने कहा कि इको क्लब के अंतर्गत ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत के पर्यावरण संरक्षण के कामो से जहां महाविद्यालय हराभरा और सुंदर बना है वहीं दूसरी तरफ बेजुबान पक्षियों के लिए हर्बल बॉटनिकल गार्डन घर बन गया है। उप प्राचार्या डॉ. रितु नेहरा ने कहा कि इको क्लब के तहत बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के लिए कसौरो का प्रबंध करना काबिलेतारीफ है। यह एक पुण्य का काम है। इस दौरान प्रोफेसर सोनिया दहिया, प्रोफेसर रीना, डॉ. तकदीर सिंह, बलवंत सिंह सहित इको क्लब के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# मंत्री ने विवाह शगुन योजना के चेक बांटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


**पानीपत।** पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार, विवाह शगुन का पात्र को चेक भेंट

मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता अंतर्जातीय विवाह शगुन योजना के तहत विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने शुक्रवार को मतलौडा की पंजाबी धर्मशाला में इसराना विधानसभा के 25 लाभार्थियों को चेक वितरित किए। चेक वितरण करने के बाद उन्होंने वर वधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहन देने के लिए यह योजना चलाई गई है। उन्होंने वर-वधू के सुखद भविष्य की कल्पना की और कहा कि लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। वहीं, जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए लिए प्रार्थी हरियाणा सरकार की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटसरलहरियाणाडॉटजीओवीडॉट ईन पर आवेदन कर सकते हैं।

**सम्मान** टीबी रोग से मुक्ति को योग करें : डॉ. वीरेंद्र

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

जिला सचिवालय सभागार में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, टीबी मुक्त गांव की सरपंच को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

राष्ट्रीय अक्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने ग्राम पंचायतों को सम्मानित करते हुए कहा कि योग करने व उपचार लेने से टीबी रोगी स्वस्थ्य हो जाता है। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. विजय पाल मलिक बताया कि गोयला कलां, ढाढौला, बेगमपुर, खलीला, पुठर, पाथरी, हड़ताड़ी, छिछड़ाना, एपी माजरा, वैसरी, भालसी, डुमियाना, नैन, दरियापुर, बौहली, अलुपुर, निम्बरी, खलीला प्रहलादपुर, नांगल खेड़ी, दिवाना, आसनकलां, पल्हेड़ी, बुढुनपुर, सिम्बलगढ़, डिकाडला, ढौढपुर, गढ़ी त्यागान, छाजपुर खुर्द, झाम्बा, नवाना पार, रामदा आर, मौहाली ,बिजावा, रायमल, संजौली, नुरपुर मुगलान, अतौलापुर, ब्रहमपुर, ब्राहमण माजरा, कैथ, खलीला, भालसी, डुमियाना, खण्डरा, ऊटला, भैंसवाल, निजामपुर, बुढुनपुर, छदिया युसुफपुर, ढौढपुर, गढ़ी छाजु की पंचायतों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।


**पानीपत।** व्यापारी नेता गौरव लीखा, बाजार में पाई नगदी को उसके असल मालिक को देते हुए। फोटो :हरिभूमि

# बाजार में पड़ी मिली नगदी व्यापारी को लौटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

व्यापारी नेता गौरव लीखा ने इंसार बाजार में सड़क पर पडे मिले 22 हजार रुपये की नगदी उसके असल मालिक को लौटा दी। लीखा ने बताया कि एक अप्रैल को यह राशि इंसार बाजार में पडी मिली थी। वहीं उन्होंने इंसार बाजार में मिली राशि आदि की जानकारी सोशल मीडिया की खोया पाया पोस्ट पर डाली। इधर, तीन अप्रैल की शाम को दो व्यक्ति उन से मिले और उन्होंने अपनी व नगदी की गिनती आदि की जानकारी गौरव लीखा को दी। गौरव ने यह नगदी उसके असल मालिक को सौंप दी। वहीं गौरव लीखा जरूरमंद लोगों की मदद करते रहते है।

### चोरी की एक्टिवा खरीदने वाला आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना किला पुलिस की टीम ने सोनीपत जेल में बंद चोरी की एक्टिवा खरीदने वाले आरोपी प्रिंस निवासी इशापुर शामली यूपी हाल पटेल नगर सोनीपत को प्रोक्डशन वारंट पर लाकर पूछताछ की। थाना किला प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एक्टिवा चोरी की वारदात बारे थाना किला में अवतार सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी सेठी चौक की शिकायत पर केस दर्ज है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत**

**पवन सैनी सुपुत्र स्व. श्री रमेश कुमार निवासी मकान नंबर 675/7, सैनी मौहल्ला, पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि पवन सैनी सुपुत्र स्व. श्री रमेश कुमार निवासी मकान नंबर 675/7, सैनी मौहल्ला, पानीपत ने एक दस्तावेज बाबत जायदाद को परिवर्तित करने हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। यह कि श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री अन्तू राम की मृत्यु दिनांक 25/06/2023 को हो चुकी है। यह कि श्रीमति फूली देवी धर्मपत्नी श्री अन्तू राम की मृत्यु मृतक से काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री अन्तू राम की मृत्यु उपरांत उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। यह कि रवि पटवारी हल्का तथा नगर निगम पार्षद नवल जिंदल द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है:- यह कि श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री अन्तू राम की मृत्यु उपरांत उनके 4 वारिस हैं:-1. श्रीमति कैलाश धर्मपत्नी 2. सन्नी सुपुत्र 3. पवन सैनी सुपुत्र 4. ममता देवी सुपुत्री स्व. श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री अन्तू राम हैं। इनके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारियों की बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 30 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 03.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

